# प्रेस नोट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 01.11.2025

आभूषण चोरी की झूठी सूचना देने से संबंधित आभूषण अनुमानित कीमत 12 लाख बरामद

बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखपुर के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक शाहपुर के नेतृत्व में उ0नि0 मधुरेश त्रिवेदी मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-503/2025 धारा 318(4) बीएनएस से संबंधित आभूषण चोरी की झूठी सूचना देने से संबंधित आभूषण बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 12 लाख रुपये है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 31.10.2025 की रात्रि को वादिनी मुकदमा द्वारा सूचना दी गयी कि अपने घर में रखें गहनो पर लोन लेने के लिए रेलवे कालोनी स्थित बैंक पर गई थी परन्तु मन मुताबिक पैसा न मिलने के कारण हम प्रार्थीनी अपने गहनो को स्कूटी की डिग्गी में रख कर वापस आ रही थी आते समय रास्ते मे समय जब प्रार्थीनी रेलवे पावर हाऊस के पास पहुँची तो वहाँ दो बाइक सवार व्यक्तियों ने वादिनी को रोक कर कहा कि आगे पुलिस की चेकिंग चल रही है कह कर अपनी बातो में फसा कर प्रार्थीनी डिग्गी में रखे सोने के आभूषण को ले लिया गया जिसके संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 503/2025 धारा 318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

जांच के क्रम में घटना से सम्बन्धित सीसीटीवी कैमरा व सीडीआर के अवलोकन तथा मनोवैज्ञानिक तरीके से वादिनी मुकदमा से पूछताछ के दौरान वादिनी मुकदमा द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा दी गयी सूचना झूठी है तथा गहने मेरे पास ही है। जिसको वादिनी मुकदमा की निशान देही पर बरामद किया गया।

**बरामदगी-**

एक अदद गले का हार, एक अदद नथिया की झाली, दो अदद जेन्स अँगूठी, आठ अदद लेडिज अँगूठी, चार अदद कान की बाली, तीन अदद गले की चेन लाकेट सहित, दो अदद कान का सुई धागा, दो अदद कान का सुई धागा (टप्स), दो अदद सुई धागा रिंगदार, दो अदद कान की झुमकी, छह अदद कान के टप्स, एक अदद कान का झाला, एक अदद मांग टीका (सभी जेवरात पीली धातु)

**बरामदगी की टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 मधुरेश त्रिवेदी थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 चंद्रभान सिंह थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
4. म0का0 स्वाति सिंह थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
5. का0 अरुण कुमार यादव थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर